तारांकित प्रश्न संख्या १७६४ के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि उत्तर प्रदेश के विभिन्न भागों में तेल की खोज के लिये सर्वेक्षण कार्य में इस बीच क्या प्रगति हुई है ?

**खान और तेल मंत्री (श्री केशव देव मालवीय)** : उत्तर प्रदेश में तीन भूगर्भीय दल काम कर रहे हैं। १९५८-५९ के क्षेत्र में काम करने के मौसम में इन पार्टियों ने ३३९ वर्ग मील का भूगर्भीय मानचित्रण और देहरादून, गढ़वाल और सहारनपुर के जिलों में स्वालिक की पहाड़ियों के साथ २५ लाईन मीलों के सारेक्षण (Traverses) का काम किया। एक भूकम्पीय और एक आकर्षण व चुम्बकीय पार्टियों ने आगामी सर्वेक्षण किया। इन दोनों पार्टियों ने १९५८-५९ में क्षेत्र में काम करने के समय २८५ भूकम्पीय पार्श्व लाईन मील पर काम किया और २०६४ वर्ग मील के क्षेत्रफल का आकर्षण व चुम्बकीय प्रेक्षण किया। ये पार्टियां मुख्यालय को वापिस आ गई हैं और वे क्षेत्र में से प्राप्त दत्ता (Data) की गणना तथा व्याख्या करने में लगी हुई हैं।

**हिन्दी में पारिभाषिक शब्दावली**

*९८७. श्री क० भे० मालवीय :
श्री म० ला० द्विवेदी :
श्री पहाड़िया :
पंडित ज्वा० प्र० ज्योतिषी :
श्री भक्त दर्शन :

क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विश्वविद्यालय शिक्षा के लिये उपयोगी उन पुस्तकों के नाम क्या हैं जिनके तैयार करने में शिक्षा मंत्रालय ने हिन्दी में बनाई गई पारिभाषिक शब्दावली का जनवरी, १९५८ से प्रयोग किया है;

(ख) क्या मंत्रालय ने इस काम के लिये कोई योजना बनाई है; और

(ग) यदि हां, तो उसकी मोटी रूप रेखा क्या है ?

**शिक्षा मंत्री (डा० श्रीमाली)** : (क) शिक्षा मंत्रालय ने विश्वविद्यालय शिक्षा के लिये कोई ऐसी पुस्तक तैयार नहीं की है जिसमें मन्त्रालय द्वारा तैयार की गयी शब्दावली का उपयोग किया गया हो।

(ख) जी, नहीं।

(ग) प्रश्न नहीं उठता।

**सरदार पटेल का स्मारक**

*९८८. **श्री प्रकाश वीर शास्त्री** : क्या वैज्ञानिक अनुसन्धान और सांस्कृतिक-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) स्वर्गीय सरदार वल्लभ भाई पटेल की स्मृति को चिरस्थायी बनाने के लिये क्या कोई योजना बनाई गई है; और

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

**वैज्ञानिक अनुसन्धान और सांस्कृतिक-कार्य मंत्री (श्री हुमायून् कबिर)** : (क) इस बारे में कोई सरकारी कारंवाई नहीं की गई है।

(ख) सवाल नहीं उठता।

**Teachers in Training Colleges**

*989. **Shri Subbiah Ambalam:**
**Shri K. S. Ramaswamy:**

Will the Minister of **Education** be pleased to state:

(a) whether the revision of scales of pay of teachers in affiliated colleges, as recommended by the University Grants Commission, is not applicable to lecturers and professors in Teachers' Training Colleges which are also affiliated colleges of universities; and

(b) if so, what steps are being taken by Government to remove this discrimination?

**The Minister of Education (Dr. K. L. Shrimali):** (a) The scales of pay of teachers in affiliated colleges, as recommended by the University Grants Commission, are also applicable to teachers in Training Colleges which are affiliated to the universities. The Commission, however, does not assist Government colleges.

(b) Does not arise.

### School Text Books in Himachal Pradesh

***990. Shri Padam Dev:** Will the Minister of **Education** be pleased to state:

(a) whether it is a fact that decision regarding text books to be prescribed for study for school students in Himachal Pradesh was taken in March and the books are not available to students even now; and

(b) the steps Government propose to take in the matter?

**The Minister of Education (Dr. K. L. Shrimali):** (a) and (b). A statement is laid on the Table of the House.

STATEMENT

No new text books were prescribed by the Himachal Pradesh Administration for the current academic year. The books which were in use for the last four or five years are being continued. There has, however, been a shortage of history books for middle classes and Hindi books for Primary classes, but most of the students have been able to get second hand copies. The main reason for this shortage is the enhanced prices demanded by the publishers and this was not acceded to by the Himachal Pradesh Administration. The Administration has, however, been asked to negotiate with the publishers to ensure adequate supply of books at reasonable prices.

### Location of Steel Plant in Madras

***991.** { **Shri S. R. Arumugham:**
**Shri Ganapathy:**
**Shri Tangamani:**
**Shri Subbiah Ambalam:**

Will the Minister of **Steel, Mines and Fuel** be pleased to state:

(a) whether the resolution passed by the Chamber of Commerce of Southern Zone to locate a steel plant in the Southern States at its conference held in Madras on the 24th July, 1959 has been received by the Central Government; and

(b) if so, what action has been taken or is proposed to be taken on the above resolution?

**The Minister of Steel, Mines and Fuel (Sardar Swaran Singh):** (a) and (b). No, Sir. However, an iron and steel plant based on the ores of Salem can be considered if coke from Neyveli Lignite proves suitable for smelting these ores.

### दिल्ली के बेसिक स्कूलों के अध्यापकों द्वारा हड़ताल की धमकी

***९९२.** { **श्री भक्त दर्शन :**
**श्री स० म० बनर्जी :**
**श्री प्रकाश वीर शास्त्री :**
**श्री प्र० चं० बरुआ :**
**श्री प्र० गं० देब :**
**श्री म० क० गोपालन :**
**श्री कुन्हन :**

क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली नगर निगम द्वारा सचालित बेसिक स्कूलो के अध्यापको ने शिक्षा निदेशक, दिल्ली और दिल्ली निगम के शिक्षा अधिकारी के कार्यालयों के समक्ष २० अगस्त, १९५९ को भूख हड़ताल करने का निश्चय किया है; और